Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 02-03-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

>

Title : Regarding the need to formulate a policy for improving the condition of slums in the metropolitan cities.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, देश के मुम्बई सहित अन्य महानगरों में स्लम में रहने वाले लोगों की संख्या निरन्तर बढ़ती ही चली जा रही है और इसका एकमात्र कारण यही है कि जो भी व्यक्ति रोजगार की तलाश में शहर में आता है, वह अपने रोजगार की वजह से वहीं पर रहना शुरू कर देता है। इसी कारणवश स्लम की समस्या निरन्तर बढ़ती जा रही है। स्लम की समस्या का तभी निराकरण हो सकता है जबकि लोगों को वहीं पर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करायें जायें और उनको शहरों में आने की आवश्यकता रोजगार के लिए न पड़े। इस संबंध में केवल मुम्बई का एक उदाहरण देना ही पर्याप्त होगा, जिसकी आबादी लगभग सवा करोड़ है तथा इस आबादी में से लगीग 60 लाख् लोग स्लम में रहते हैं तथा यही स्थिति लगभग अन्य महानगरों की भी है।

इसलिए मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह स्लम की समस्या के निपटान के लिए कोई एक कारगर नीति बनाए।